Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.01 February,2023

सिटी भास्कर	24/02/2023	पेज क्र 17

नीति आयोग ने दी ग्रांट... सभी के लिए खुला रहेगा सेंटर फॉर इनोवेशन एंड डिजाइन इनक्यूबेशन

एसपीए में शुरू होगा देश का पहला डिजाइन बेस्ड इनक्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप आइडिया को मिलेगी मेंटरशिप, डेवलप होंगी 6 नई लैब्स

10 करोड़ से बनेगा

सिटी रिपोर्टर . भोपाल

स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चार (एसपीए) भोपाल में देश का पहला डिजाइन बेस्ड इनक्यूबेशन सेंटर शुरू होने जा रहा है। यह इनक्यूबेशन सेंटर नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत तैयार होगा, जिसमें आर्किटेक्चर, प्लानिंग, एन्वॉयर्नमेंट मैनेजमेंट, ट्रैफिक मैनेजमेंट और अर्बन प्लानिंग से जुड़े स्टार्टअप आइडिया को न सिर्फ मेंटरशिप दी जाएगी, बल्कि उनकी सीड फंडिंग जुटाने में भी मदद करेंगे।

अर्बन प्लानिंग, आर्किटेक्चर, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट

गुरुवार को नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के रीप्रेजेंटेटिव रोहित गुप्ता ने एसपीए भोपाल कैंपस का विजिट किया। रोहित ने कहा- यह देश में वास्तुकला एवं योजना संस्थान और मप्र में स्थापित राष्ट्रीय संस्थान दोनों में पहला इन्क्यूबेशन सेंटर होगा। एसपीए में बन रहा सेंटर फॉर इनोवेशन एंड डिजाइन इनक्यूबेशन सभी के लिए खुला रहेगा। इसमें भोपाल और आसपास के शहरों में रह रहा कोई भी व्यक्ति अपने डिजाइन, अर्बन प्लानिंग, आर्किटेक्चर, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट से जुड़े किसी भी आइडिया को बिजनेस आइडिया में डेवलप करने के लिए मेंटरशिप दी जाएगी।

ड्रोन बेस्ड स्कैनिंग, वर्चुअल रीबिल्डिंग की सुविधा

एसपीए भोपाल के डायरेक्टर प्रो. चंद्रचारु त्रिपाठी ने बताया- इस सेंटर में ड्रोन टेक्नोलॉजी, कंस्ट्रक्शन, इन्वॉयर्नमेंटल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट और अर्बन प्लानिंग लैब तैयार की जाएंगी। एक खास लैब हैरिटेज मॉन्यूमेंट्स की रीबिल्डिंग के लिए होगी। इसमें हैरिटेज की ड्रोन बेस्ड स्कैनिंग, वर्चुअल रीबिल्डिंग और डिजिटल मॉडलिंग की सुविधा भी होगी।